an>

Title: Need to run a daily local train between Bhiwandi and Chhatrapati Shivaji Stations in Maharashtra-laid.

श्री सुरेश काशीनाथ तवारे (भिवन्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र भिवन्डी में भिवन्डी रेलवे स्टेशन से सीएसटी एवं भिवन्डी से चर्चगेट तक लोकल ट्रेन नहीं चलने के कारण इन इलाकों के व्यापारियों, उद्यमियों, कामगारों, किसानों, महिलाओं, छात्रों और आम जनता को काफी कठिनाई हो रही है। अभी वर्तमान में भिवन्डी से सीएसटी (चर्चगेट) स्टेशन तक की यात्रा के लिए अन्य मार्गों से यात्राएं की जा रही हैं, जिसमें कई घंटों का समय लगता है। परेशानी भी काफी होती है।

भिवन्डी से सीएसटी एवं भिवन्डी से चर्चगेट तक के लिए नई लोकल ट्रेन चलाये जाने से आम जनता की सुविधा के साथ रेलवे को भी काफी राजस्व का लाभ होगा। इसलिए भिवन्डी से सीएसटी एवं भिवन्डी से चर्चगेट तक नई लोकल ट्रेन चलाए जाने की आवश्यकता है।

अतएव सरकार से मांग है कि जनहित में एवं राजस्व हित में भिवन्डी से सीएसटी (चर्चगेट) स्टेशन तक नई लोकल ट्रेन यथाशीघ्र चलाई जाये।